# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2022 / ५५५ दिनांकः 25.04.2022

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर, बरेली।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / सचिव / प्रबन्धक,
   समस्त सम्बद्ध राजकीय / सहायता प्राप्त / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।
3. डा0 सोमपाल सिंह
   समन्वयक, एन.एस.एस.
   महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
4. डा0 बृजेश कुमार
   समन्वयक, एन.एस.एस.,
   विश्वविद्यालय परिसर।

विषयः **मिशन शक्ति तृतीय चरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए उच्च शिक्षा विभाग की माह अप्रैल, 2022 से आगामी 100 दिनों तक की कार्ययोजना।**

महोदय / महोदया,

कृपया संलग्न उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या 1077 / सत्तर–3–2021–08(20) / 2020 दिनांक 25.04.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि मिशन शक्ति तृतीय चरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए उच्च शिक्षा विभाग की माह अप्रैल, 2022 से आगामी 100 दिनों तक की कार्ययोजना के सम्बन्ध में है।

इस सम्बन्ध में शासन द्वारा संलग्न विस्तृत कार्ययोजना इस आशय से प्रेषित है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत उल्लिखित कार्यक्रमों का आयोजन कराते हुए कार्यवाही की रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः** यथोपरि।

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी।
2. परीक्षा नियंत्रक।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली।
4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में उक्त कार्यक्रम की प्रतिदिन की गतिविधियों की प्रेस विज्ञप्ति स्थानीय तथा प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने का कष्ट करें।
5. सहायक कुलसचिव, प्रशासन / परीक्षा।
6. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7. प्रभारी, वेबसाइट।
8. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

**शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध**

**संख्या–1077/सत्तर–3–2021–08(20)/2020**

**प्रेषक,**

**मोनिका एस. गर्ग,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. **विशेष कार्याधिकारी तथा राज्य सम्पर्क**
अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक
उच्च शिक्षा विभाग।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊः दिनॉक 25 अप्रैल, 2022**

**विषयः–मिशन शक्ति तृतीय चरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए उच्च शिक्षा विभाग की माह अप्रैल, 2022 से आगामी 100 दिनों तक की कार्ययोजना।**

महोदय

अवगत कराना है कि प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम विगत वर्षो से संचालित किया जा रहा है, जिसके क्रम में गत वर्ष दो चरणों में क्रमशः शारदीय नवरात्रि की शुभ तिथियों में दिनांक 17.10.2020 से 25.10.2020 तक तदोपरान्त बासंतिक नवरात्रि में 26 फरवरी, 2021 से 21 अप्रैल, 2021 तक तथा तृतीय चरण में दिनांक 21 अगस्त, 2021 से दिसम्बर, 2021 तक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विशेष कार्ययोजना तैयार करते हुए मिशन शक्ति अभियान चलाया गया है।

2– इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण का शुभारम्भ दिनांक 14.04.2022 से करते हुए माह अगस्त, 2022 तक संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति अभियान के विशेष चरण के लिए दिनांक 31 अगस्त, 2022 तक की उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना निम्नवत् है:–

**(1) महिला सुरक्षा**

- विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों द्वारा वेबिनार/सेमिनार आयोजित किये जायेंगे जिसमें महिला सुरक्षा के विविध प्राविधानों महिला हेल्पलाइन, साइवर क्राइम, पाक्सो एक्ट, लैंगिक हिंसा, दहेज कुप्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के अनैतिक दुर्व्यापार सम्बन्धी रोकथाम, कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सम्बन्धी रोकथाम आदि के लिए प्रचिलत कानूनों की जानकारी दी जायेगी। उक्त कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय।
- वेबिनार के उपरान्त छात्राओं हेतु **परामर्श सत्र** (Counselling session) आयोजित किये जायेंगें।
- विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को आपातकाल में आत्मसुरक्षा हेतु **मार्शल आर्ट** का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

NishiG.O.

**(2) लैंगिक समानता एवं स्वास्थ्यवर्धन**

- सभी उच्च शिक्षण संस्थान लैंगिक समानता, बालिकाओं के स्वास्थ्यवर्द्धन एवं पोषण के प्रति जागरूकता, विशेष रूप से कोविड–19 के दृष्टिगत इम्यूनिटी वर्द्धन हेतु सजग एवं जागरूक करने हेतु वेबिनार, व्याख्यानमालाओं एवं निबन्ध/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे। पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों का सहयोग लिया जायेगा।
- हर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में छात्राओं हेतु **परामर्श सत्र** (Counselling Session) आयोजित किए जायेंगे जिसमें नामित महिला प्राध्यापक उनकी समस्याओं को सुनकर परामर्श देंगी।
- हर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को **योग एवं व्यायाम का प्रशिक्षण** दिया जाएगा।

**(3) परामर्श सत्र (Counselling Session)**

**"चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो"**

हर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में परामर्श सत्र (Counselling Session) नियमित रूप से आयोजित किये जायेगें जिसमें छात्राओं को परामर्श प्रदान किया जायेगा। इस हेतु महिला प्राध्यापकों को नामित किया जायेगा, जो बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें यथोचित परामर्श देंगी। इस कार्य में एन0जी0ओ0 एवं मनोचिकित्सकों का सहयोग भी लिया जायेगा।

**(4) बालिका हेल्थ क्लब एवं स्वास्थ्य परीक्षण–**

- महिला महाविद्यालयों में हेल्थ क्लब स्थापित किए जाएंगे तथा सह–शिक्षा महाविद्यालयों में बालिका हेल्थ क्लब (Girls' Health Club) स्थापित किये जाएंगे जिनमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से First Aid Kit तथा प्राथमिक उपचार हेतु प्रशिक्षण दिए जाएंगे।
- स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं हेतु माह अगस्त–दिसम्बर, 2021 के दौरान कम से कम एक स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया जाएगा।

**(5) महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान–**

पुलिस विभाग के सहयोग से हर जनपद में महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**(6) प्रेरणात्मक संवाद (Inspirational Intractions)**

हर उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा माह में एक बार किसी महिला रोल मॉडल के साथ संवाद (interaction) आयोजित किया जाएगा।

**(7) NCC/NSS/Rover Rangers**

- एन0सी0सी0/एन0एस0एस0 के महिला विंग तथा रेंजर्स के द्वारा हर शनिवार को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।
- मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत समाज में जागरूकता लाने की कार्यवाही की जाएगी।
- महिला सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रसार–प्रचार किया जायेगा।

NBNIC.O.

(8) <u>**विशिष्ट दिवसों पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम**</u>

- **30 अप्रैल, 2022** –पंचायती राज्य के सुदृढ़ीकरण में महिलाओं की भूमिका।
- **10 मई, 2022 1857 का महान विद्रोह**–1857 के महान विद्रोह में महिलाओं की भूमिका।
- **15 मई, 2022 अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस**–बदलते परिवेश में परिवार की भूमिका एवं दायित्व।
- **25 मई, 2022 विश्व थाइरॉयड दिवस**–मानव स्वास्थ्य और थाइरॉयड का महत्व महिलाओं के विशेष सन्दर्भ में।
- **18 जून, 2022 रानी लक्ष्मीबाई शहीदी दिवस/वीरागंना दिवस**–1857 की क्रांति में वीरागंना लक्ष्मीबाई की भूमिका।
- **21 जून, 2022 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस**– विशेष योग शिविर का आयोजन।
- **11 जुलाई, 2022 विश्व जनसंख्या दिवस**–उन्नत परिवार के सृजन में नारी शक्ति की भूमिका।
- **01 अगस्त से 07 अगस्त, 2022–विश्व स्तनपान सप्ताह**– मनुष्य के जीवन में प्रथम 1000 दिनों का महत्व।
- **15 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता दिवस**– विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा **"बालिका सुरक्षा शपथ"** ली जायेगी।
- **26 अगस्त, 2021–Women Equality Day–"महिलाओं में उद्यमिता का विकास"** विषय पर भाषण/निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर कुछ सफल महिला उद्यमियों से संवाद भी कराया जाएगा।
- **29 अगस्त, 2022 राष्ट्रीय खेल दिवस**– सप्ताह भर खेल की प्रतियोगिता का आयोजन।

उक्त दिवसों में निर्धारित थीम के अनुरूप चर्चा/परिचर्चा, विचार गोष्ठी, सेमीनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, योग शिविर तथा खेलकूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा।

3– <u>**कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दायित्व निर्धारण**</u>

- निदेशालय स्तर पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को नोडल अधिकरी एवं शासन स्तर पर श्री हरेन्द्र कुमार सिंह, उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है।
- जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किये जायेंगे। नोडल अधिकारी, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे।
- क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले जनपदों में नोडल अधिकारी नामित करेंगे तथा उक्त कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण भी करेंगे।
- अभियान की गतिविधियों तथा विषय सामग्री पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों/राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी/रोवर रेंजर्स प्रभारी/एन0सी0सी0 प्रभारी द्वारा अभियान का व्हाट्सअप, ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिंगनल, यूट्यूब आदि **सोशल मीडिया** पर व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा।

- विश्वविद्यालय एव महाविद्यालय गतिविधियों की **प्रेस विज्ञप्ति** स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करवायेंगे।
- अभियान की प्रगति की **साप्ताहिक समीक्षा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा तथा पाक्षिक समीक्षा निदेशालय स्तर पर की जायेगी** और समीक्षा आख्या उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित की जायेगी। अभियान का मासिक अनुश्रवण शासन स्तर पर किया जायेगा।
- कार्यक्रम से सम्बन्धित डाक्यूमेंटेशन, आडियो– वीडियो–क्लीपिंग, पोस्टर, फोटोग्राफ एवं आख्या को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी साप्ताहिक रूप से संकलित कर निदेशालय की ई–मेल0 dhedegreevikas@gmail.com पर माह के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सोमवार को उपलब्ध करायेंगें।

4— मिशन शक्ति अभियान के विशेष चरण के अन्तर्गत उक्त कार्ययोजना तथा उक्तानुसार कार्यक्रमों का आयोजन कराते हुए कार्यवाही की रिपोर्ट सूचना विभाग के पोर्टल पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा तथा जनपद स्तर पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा अपलोड किया जायेगा।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज की अधिकारिक वेबसाइट(http://uphed.gov.in/higheredu Directorate/DefaultDir.aspx) पर नये ब्लाक मिशन शक्ति वेबसाइट निर्मित कर दिया गया है, जिसका पासवर्ड–High@1234 है। उच्च शिक्षण संस्थाएं द्वारा दिन प्रति दिन की गतिविधियॉ इस पर अपलोड की जायेगी तथा कृत कार्यवाही की रिपोर्ट उच्च शिक्षा अनुभाग–3 की ई–मेल आइ0डी0 hesection.3@gmail.com पर मासिक रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,
25/4
**( मोनिका एस. गर्ग )**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या–1077 (1)सत्तर–3–2022 तद्दिनांक:**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
2–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3–अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
4–अपर मुख्य सचिव, सूचना विभाग, उ0प्र0 शासन।
5–कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6–पुलिस महानिदेशक, पुलिस, उ0प्र0, लखनऊ।
7–अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ।
8–समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
9–समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
10–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
11–अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
12–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
**( मनोज कुमार )**
विशेष सचिव

Nikhil G.O